# एक अग्रणी माल लदान मंडल

## प्रस्तावना:

खोरधारोड मंडल भारतीय रेलवे का एक अग्रणी माल लदान मंडल है । 912.20 विद्युतकृत रूट कि.मी. और 2246.6 कुल ट्रैक किलोमीटर के साथ मंडल ओड़िशा एवं आंध्राप्रदेश पर विस्तृत है । मंडल पारादीप, धामरा और छत्रपुर टर्मिनल पर तीन वन्दरगाहों से 105 ब्लॉक स्टेशनों को परिचालन करता है ।

Engine No.HSM 26184 at Khurda Road, 11/1978



2.0 यात्री यातायातः माह जून-19 के दौरान मंडल ने 4.13 मिलियन यात्री का रिकार्ड किया जो विगत वर्ष का -4.8% है और यात्री अर्जन से रु. 75.13 करोड अर्जन किया जो विगत वर्ष का [+] 6 % है । संचयी के आधार पर जून-18 तक रु.218.07 करोड़ की तुलना में जून-19 तक रु.206.26 करोड़ का अर्जन किया है ।

3.0 मूल लदान मिलियन टन मेः जून-18 के 9.83 मिलियन टन की तुलना में जून-19 में मंडल ने 10.28 मिलियन टन का गुड्स ट्रैफिक लदान किया । संचयी के आधार पर लदान 30.77 एमटी रहा जो विगत वर्ष में 29.71 एमटी था अर्थात 3.6%. की वृद्धि का रिकार्ड है ।




**4.0** मूल माल एवं यात्री अर्जन

जून-18 तक के रु. 2327 करोड़ की तुलना में जून-19 तक का माल अर्जन रु.2702 करोड़ रहा । विगत वर्ष के रिकार्ड पर 16% वृद्धि है ।




## यात्री अर्जन

| क्र.स. | मद | संचयी | | परिवर्तन. % |
|---|---|---|---|---|
| | | जून-18 | जून- 19 | |
| क. | पेसेंजर की सं. (मिलियन में) | 12.92 | 11.54 | -10.7 |
| ख. | यात्री अर्जन (करोड़ में) | 218 | 206 | -5.4 |
| ग. | कुल अर्जन (करोड़ में) | 2614 | 2903 | +11.1 |

## 5.0. जून-2019 के दौरान समय पालन का निष्पादन

जून-19 के दौरान मंडल ने 66.55% के मेल एक्सप्रेस समय पालन की उपलब्धि हासील की जो जून-18 में 75.58% था ।
संचयी निष्पादन निम्नप्रकारः-

| क्र.सं. | विवरण | अप्रैल | |
|---|---|---|---|
| | | 2018-19 | 2019-20 |
| 1 | मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां | 70.68% | 68.96% |

## 6.0 क्षमतावर्धन कार्य:

- 03 समपार फाटकों पर सीमित ऊँचाई उपमार्ग (सबवे) निर्मित किया गया है । (राजआठगढ़-जोरन्दा रोड के बीच स.फा संख्या सीटी-31, हिंदल-मेरामंडली के बीच सीटी-58 और गंजाम-छत्रपुर के बीच 290)।

- 05 स्टोन स्लाब ब्रीज संख्या 658 अप, 778 अप/डाउन, 1104 अप एवं 1155 अप का पुर्णनिर्माण पुरा हो गया हैं ।

- टोमका-नयागढ़ सेक्शन में 290 नग रेट्रो-रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेटस की व्यवस्था की गई है ।

- महीने के दौरान 08 टर्न आऊट्स को फेनसेरप्ड लेआऊट से नवीकृत किया गया है । उसी तरह 17 सेट कर्व स्विचों और सीएमएस क्रॉसिंग को नए में बदल दिए गए और 17 सेट थिक स्विचों को भी लगाया गया ।

## 7.0 अन्य गतिबिधियां :

7.1 दिनांक 05 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व दिन “वायु प्रदूषण” की विषय वस्तु सहित खोरधारोड मंडल के विभिन्न स्थानों पर व्यापक वृक्षारोपण किया गया था ।

मंडल रेल प्रबंधक/खोरधारोड के कार्यालय पर यांत्रिक रिक्रिएसन क्लब द्वारा वायु प्रदूषण के कारण प्रभाव, तथा उपचार पर एक नुक्कड नाटक आयोजित किया गया था ।



7.2 दिनांक 21.06.2019 को मंडल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है ।



7.3 दिनांक 26.06.2019 को सम्मेलन कक्ष/खोरधारोड में रथ यात्रा पर एक पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया गया था ।



7.4 दिनांक 06.06.2019 को गोपालपुर बालिकुदा समपार फाटक पर अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरुकता दिवस मनाया गया था ।




7.5 भारतीय रेल के 04 शीर्ष लदानकारी निष्पादक मंडल (पहली तिमाही 2019-20):

बिलासपुर मंडल :35.35 मिलियन टन
धनबाद मंडल :35.22 मिलियन टन
खोरधारोड मंडल :30.77 मिलियन टन
चक्रधरपुर मंडल :29.50 मिलियन टन